प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक सं० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/ 1119 दिनांकः 26 जुलाई, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की सम्पन्न हो रही लिखित परीक्षाओं में दिनांक 05 अगस्त, 2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा को स्थगित करते दिनांक 27 अगस्त, 2024 को सम्पन्न किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1096 दिनांक 18 जुलाई, 2024 के क्रम में विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की द्वितीय चरण की परीक्षायें विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा दिये अनुमोदनोपरान्त दिनांक 23 जुलाई, 2024 से दिनांक 24 अगस्त, 2024 के मध्य सम्पन्न कराई जा रही है।

उक्त परीक्षाओं के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जनपद आगरा शहर में ''**कैलाश मेला एवं कावड़ यात्रा**'' के उपलक्ष्य में में सार्वजनिक / स्थानीय अवकाश घोषित होने के कारण तथा **कावड़ यात्रा में** भीड़–भाड़ एवं अवरूद्ध मार्गो के कारण परीक्षार्थियों के आवागमन में होने वाली असुविधा के दृष्टिगत छात्रहित में **दिनांक 05 अगस्त, 2024** को आयोजित होने वाली विभिन्न विषयों की परीक्षा सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन के उपरान्त स्थगित करते हुए अब **दिनांक 27 अगस्त, 2024** को यथासमय सम्पन्न कराई जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए उपरोक्त **दिनांक 27 अगस्त, 2024** को यथासमय सम्पन्न होने वाली परीक्षा से आच्छादित छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

26/07/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक